फैक्ट्री के धुएं से फसल खराब, दल ने की जांच

निरीक्षण दल ने पंचनामा बनाया, अब कृषि वैज्ञानिक आएंगे

सलामतपुर, 13 फरवरी. दीवानगंज क्षेत्र में किसानों की फसल को हुए नुकसान का मामला अब प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गया है. यहां 8 किसानों की चना और गेहूं की फसल पकने से पहले ही खराब हो गई. किसानों का आरोप है कि खेतों के समीप स्थित मध्य भारत फैक्ट्री से रात के समय निकलने वाले धुएं के कारण उनकी फसलें सूख गईं.

किसानों ने इस संबंध में मंगलवार को अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था, जिसे मीडिया में भी प्रमुखता से उठाया गया. खबर सामने आने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार के नेतृत्व में गठित जांच दल को मौके पर भेजा. जांच दल ने खेतों का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया. हल्का पटवारी सुरेश शर्मा ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जाएगी. इसके बाद कृषि विभाग के वैज्ञानिकों की टीम मौके पर आकर तकनीकी जांच करेगी, जिसके आधार पर आगे का निष्कर्ष निकाला जाएगा. हालांकि किसानों का कहना है कि अपर कलेक्टर ने ज्ञापन के समय तीन दिन के भीतर कृषि वैज्ञानिकों को भेजने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब केवल प्रारंभिक जांच दल ही पहुंचा है. उनका आरोप है कि इससे कार्रवाई में अनावश्यक देरी हो रही है. किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कृषि वैज्ञानिकों से जांच कराई जाए और जिम्मेदार पक्ष के खिलाफ कार्रवाई हो, क्योंकि फसल को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है. फैक्ट्री किसानों को उपयोग होने वाली राखड़ बनाती है.

धुएं से स्कूली बच्चों को भी परेशानी

भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित मध्य भारत फैक्ट्री के सामने शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूल हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं के कारण स्कूली बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और आंखों में जलन भी हो रही है. इस समस्या को लेकर शासकीय पीएम श्री स्कूल एवं एक निजी स्कूल ने ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं की शिकायत की थी. दोनों ही स्कूलों के पत्र को संज्ञान में लेकर सरपंच गिरजेश नायक ने फैक्ट्री को नोटिस दिया था. सरपंच गिरजेश नायक ने बताया कि फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी कर समस्या समाप्त करने का बोला है.

बाल विवाह को लेकर किया जागरूक

▸ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान मे रैली निकाली

सलामतपुर 13 फरवरी, महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में दीवानगंज में शुक्रवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. महिलाओं एवं स्कूल की बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई.

इसके बाद रैली निकालकर आमजन को बाल विवाह रोकने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों विशेषकर बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है.

जानकारी दी गई कि बाल विवाह कराने वाले व्यक्ति, माता-पिता, विवाह में शामिल मेहमान, टेंट संचालक एवं रसोइयों तक के लिए दंड का प्रावधान है. ऐसे मामलों में 2 वर्ष तक की जेल तथा 1 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है. आयोजन में सर्वे की महिलाएं, स्कूल की बालिकाएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहीं. कार्यक्रम में कल्पना श्रीवास्तव, वंदना पटेल, वंदना त्रिवेदी, सविता अहिरवार उपस्थित रहीं. पर्यवेक्षक के रूप में नीता अहिरवार मौजूद रहीं. इसके अलावा कार्यकर्ता गीता नायक तथा सहायिकाएं ईशा सेहरिया और ज्योति विश्वकर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं. कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया.

त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न

बेगमगंज, 13 फरवरी. महाशिवरात्रि, रमजान शरीफ, होली, महावीर जयंती एवं हनुमान जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को लेकर एसडीओपी सोनाली गुप्ता की अध्यक्षता एवं तहसीलदार प्रमोद उइके के विशेष आतिथ्य में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में सीएमओ राजेंद्र शमा, थाना प्रभारी राजीव उइके, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर, मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष हाजी शफीक अली अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे.

बैठक में 15 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि के संबंध में चर्चा की गई. भगवान भोलेनाथ की निकलने वाली शिव बारात के संबंध में आयोजन समिति ने बताया कि झिरिया मंदिर से बारात प्रारंभ होगी ,जो कि महादेवपुरा, बजरिया, कबीट चौराहा, गांधी बाजार, शिवालय चौक, गणेश मंदिर , सागरमल पुलिया से राजेन्द्र सिंह तोमर निवास से होकर वापस पुराना बस स्टैंड, बिजली घर , नया बस स्टैंड से महाराणा प्रताप मार्ग से वापस झिरिया मंदिर पहुंचेगी.

वहीं मुस्लिम धर्मालंबियों के विशेष त्यौहार रमजान शरीफ 17 फरवरी से प्रारंभ होंगे एवं ईद उल फितर 18 मार्च को होगी. अन्य त्यौहार 3 मार्च को होली , 31 मार्च को महावीर जयंती एवं 2 अप्रैल को हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा . त्योहारों के मद्देनजर समिति सदस्यों ने नगर में दोनों समय पेयजल सप्लाई , साफ-सफाई व्यवस्था एवं बिजली व्यवस्था सुचारू ढंग से रखे जाने का प्रस्ताव रखा गया. जिसे अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से पारित करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा को निर्देश दिए कि हरसंभव व्यवस्था की जाए।

भागवत कथा शुरू कलश यात्रा निकली

सलामतपुर. नगर के कृषि मंडी प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गई. ये सात दिवसीय कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी. कथा का समापन 19 फरवरी को प्रसाद वितरण के साथ होगा. सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में पंडित देवेंद्र भार्गव द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है. मुख्य यजमान ममता शर्मा, जेपी शर्मा ने समस्त ग्रामवासियों ने लोगों से अपील की है कि कथा महोत्सव में पधारकर धर्म का लाभ उठाएं. कथा में रातातलाई, बडनपुर, सुनारी, सलामतपुर, सुआखेड़ी, सुकासेन त्रिमूर्ति चौराहा, ढकना चपना, कटसारी, तिजालपुर, मेढ़की, रतनपुर, खामखेड़ा, बहेड़िया, बराईखास, बरौला, राजीवनगर, मुक्तापुर, सोजना, आदि गांवों के लोग शामिल हुए.

पिट्ठू महिला- पुरुष प्रतियोगिता का समापन

▸ फाइनल में नर्मदापुरम की टीमें विजेता रहीं

बेगमगंज, 13 फरवरी. शासकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय में संभाग स्तरीय पिट्ठू महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया. फाइनल में नर्मदापुरम की टीमें विजेता रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा अधिकारी अभिलाषा वशिष्ठ के नेतृत्व में संपन हुआ.

पुरुषों का पहला मैच सीहोर एवं विदिशा के बीच हुआ, जिसमें सीहोर विजेता रही. दूसरा मैच रायसेन और राजगढ़ के बीच हुआ, जिसमें रायसेन विजेता रही. तीसरा मैच भोपाल और बैतूल के बीच हुआ, जिसमें भोपाल विजेता रही.पहला सेमीफाइनल नर्मदापुरम और रायसेन के बीच हुआ, जिसमें नर्मदापुरम फाइनल में पहुंची.दूसरा सेमीफाइनल भोपाल और सीहोर के बीच हुआ, जिसमें भोपाल विजेता रही. फाइनल में पहुंची.फाइनल मैच नर्मदापुरम एवं भोपाल के बीच मैच हुआ. जिसमें विजेता नर्मदापुरम की टीम रही. जिसके कोच राजकुमार पटवा और उपविजेता भोपाल जिला रहा. महिला संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में नर्मदापुरम विजेता रही एवं रायसेन उपविजेता रही. रेफरी शरद मंडलोई, ख्वाब लोवंशी, आदर्श लोधी थे.स्कोरर प्रताप सिंह कोली एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार झारिया रहे. प्राचार्य कृष्णकुमार साहू , महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी दीपक कुमार अहिरवार भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट, महामंत्री हरिनारायण लोधी , मुकेश पाटकर ने ट्रॉफी और मेडल देकर विजेता टीमों को पुरस्कृत किया.प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज के क्रीड़ा अधिकारी संदीप भावसार आयोजन समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे.

अवैध रूप से मुरम का परिवहन करते पकड़ा डंपर

▸ खनिज विभाग ने डंपर जब्त कर पुलिस को सौंपा

सलामतपुर, 13 फरवरी. कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर अवैध रूप से मुरम का परिवहन करते एक डंपर एमपी04 एचई 2734 पकड़ा और सलामतपुर पुलिस के सुपुर्द किया है.

खनिज विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वाहन मालिक पर जुर्माना किया जाएगा. शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है. इससे पहले भी सलामतपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से ईटों का परिवहन करते हुए तीन वाहनों पर कार्रवाई की गई थी. गौरतलब है कि आसपास क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है. और ये ईंटें भोपाल भेजकर अधिक कीमत पर विक्रय की जाती है. खनिज विभाग महीने में एक दो बार ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेता है. जबकि यहां पर बिना परमीशन के सैंकड़ों भट्टे संचालित हो रहे हैं. क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्टों के धुएं से गांवों में सांस की बीमारियां फेल रही हैं. जिससे बच्चे भी पीड़ित हो रहे हैं. ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है.

इनका कहना है.

इन मामलों में मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के तहत कार्रवाई होगी. प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे. आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी.

सुमित गुप्ता, खनिज विभाग रायसेन.

तुलसीपार गांव में 18 माह से बिजली बंद

▸ विद्यार्थियों ने खोला मोर्चा एसडीएम को ज्ञापन

बेगमगंज, 13 फरवरी. निकटवर्ती ग्राम तुलसीपार में बिजली बिल बकाया होने के कारण विभाग द्वारा डीपी उतारे जाने के बाद से गांव अंधकार में है।

गत दिनों तुलसीपार में समस्या समाधान शिविर में पहुंचे कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को जब स्टूडेंट्स एवं ग्रामवासियों द्वारा 18 माह से बिजली बंद होने की शिकायत की तो उन्होंने एसडीएम सौरभ मिश्रा को बिजली अधिकारी से तत्काल डीपी रखवाकर बिजली चालू किए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी डीपी नहीं रखी. बकायादार उपभोक्ताओं द्वारा अपने बिल जमा किए जाने के बाद भी बिजली विभाग के द्वारा अभी तक डीपी नहीं रखे जाने से पिछले 18 माह से तुलसीपार अंधकार में है. इस कारण गांव के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के चलते भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है .

विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ बेगमगंज आकर एसडीएम को एक ज्ञापन देकर कहा कि बकाया जमा हो गया फिर भी बिजली विभाग द्वारा अभी तक डीपी नहीं रखी गई है. बिजली नहीं होने से उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी परेशानी उठाना पड़ रही है.गांव के लोग आटा पिसाई के लिए दूसरे गांव में जाते हैं. पेयजल व्यवस्था भी ठप्प हो गई है. गांव की करीब 2000 आबादी अंधकार में है. मांग पूरी नहीं होने की दशा में उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है.

मां खेड़ापति मंदिर में अखंड रामायण पाठ के 12 वर्ष पूर्ण

बम्होरी, 13 फरवरी. ग्राम कुण्डली स्थित मां खेड़ापति माता मंदिर पर निरंतर चल रहे अखंड रामायण पाठ के शुक्रवार को 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष हवन, पूजन एवं अर्चना का आयोजन किया गया. पंडित अरविंद शर्मा ने बताया कि रामायण के निरंतर श्रवण से ग्राम में धर्म, शांति एवं आनंद की अनुभूति होती है. निरंतर पाठ के कारण ग्राम व क्षेत्र में किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा नहीं आई, जिससे किसानों में खुशहाली बनी हुई है. 12 वर्षों से पाठ करने वाले बाबूलाल दुबे ने बताया कि रामायण पाठ के चलते आज ग्राम में सभी लोग एक-दूसरे से मिलने पर 'जय सिया राम' कहकर संबोधित करते हैं. गोपाल नरकटिया ने कहा कि रामायण पाठ के कारण गांव में कोई बड़ी बीमारी नहीं फैली और सूखे की स्थिति में भी उपज में कमी नहीं आई.

स्वच्छता अभियान की खुली पोल, संदेश के नीचे कचरा

सलामतपुर, 13 फरवरी. सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी में स्वच्छता अभियान की हकीकत सवालों के घेरे में है। गांव के जिस स्थान पर 'आई लव माय अंबाडी ' और 'स्वच्छता बनाए रखें' जैसे जागरूक करने वाले स्लोगन लिखे हैं और महात्मा गांधी का चित्र बना है, उसी जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत द्वारा कचरा वाहन में कचरा डालने और स्वच्छता के संदेश लिखे गए हैं, लेकिन व्यवहार में इसका पालन नहीं हो रहा. गांव का मुख्य मार्ग होने के साथ ही सामने मंदिर स्थित है, बावजूद इसके यहीं पर कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है. इससे क्षेत्र में लगातार बदबू फैली रहती है। गांव में आने वाला हर व्यक्ति इसी रास्ते से गुजरता है, जिससे गांव की छवि भी खराब हो रही है.ग्रामीणों का आरोप है कि नियमित सफाई नहीं होने और खुले में कचरा फेंकने पर कोई कार्रवाई न होने से समस्या बढ़ती जा रही है. लोगों ने पंचायत से मांग की है कि खुले में कचरा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए.

धार्मिक आयोजन ▸ ग्राम तुलसीपार में चल रही कथा में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु, 16 को होगा समापन

11 विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा, शिव महापुराण कथा शुरू

सिलवानी13 फरवरी. तहसील क्षेत्र का ग्राम तुलसीपार इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है. गांव में नवनिर्मित तीन मंदिरों का भव्य लोकार्पण, कलश स्थापना एवं 11 विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ 11 फरवरी से शिव महापुराण कथा एवं यज्ञ का शुभारंभ हुआ.

पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 16 फरवरी को कथा विश्राम और विशाल भंडारा प्रसादी के साथ संपन्न होगा.संचालन श्री 1008 ब्रह्मचारी महाराज के सान्निध्य में हो रहा है. रघुवंशी हड़ा परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है. कथा वाचन के दौरान ब्रह्मचारी महाराज ने माता सती के पूर्व जन्म का प्रसंग सुनाया. यह धार्मिक आयोजन स्व. पटेल अनूप सिंह रघुवंशी एवं स्व. केरा बाई रघुवंशी की पावन स्मृति में किया जा रहा है. आयोजन में पटेल माधव सिंह रघुवंशी, क्रांति रघुवंशी, सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

सांईखेड़ा में कथा

सांईखेड़ा, 13 फरवरी. ग्राम सिमरिया कला में रघुवंशी परिवार द्वारा आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा का शुक्रवार को कथा का चौथा दिन रहा. कथा व्यास पंडित रेवाशंकर शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को शिवमहापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराया.. आयोजनकर्ता रामस्वरूप रघुवंशी एवं उनके परिवार द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कराया जा रहा है. चौथे दिवस की कथा में पंडित रेवा शंकर शास्त्री महाराज ने राजा दक्ष प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया. उन्होंने बताया कि माता पार्वती द्वारा यज्ञ अग्नि में देह त्याग करने के पश्चात भगवान शिव ने रौद्र रूप धारण किया.

विवाह में उपयोगी बांस सामग्री डेढ़ गुना महंगी

▸ बड़ी डलिया पिछले साल 200 रुपए में अब 300 रुपए में मिल रही है

सिलवानी 13 फरवरी. शादी समारोह के दौरान क्षेत्र के हर घर में बांस के बनी सामग्री का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है. शादी-विवाह समारोह के धार्मिक कार्यक्रमों में बांस के बर्तनों को शुद्ध माना जाता है. इसलिए इनका उपयोग अधिक होता है.

बांस के दामों में इजाफा होने पर कारीगरों का कहना है कि मजबूरन उन्हें बांस से बनने वाले बर्तनों के दाम बढ़ाना पड़ते हैं. अगर दाम न बढ़ाएं तो काम करना और परिवार को पालना मुश्किल हो जाएगा. ऐसे में इस बार पिछले साल की तुलना में बांस के बर्तनों के दामों में डेढ़ गुना तक इजाफा देखने को मिल रहा है.

बांस की बड़ी डलिया जो पिछले साल 200 रुपए में बिक रही थी, इस साल उसके दाम बढ़कर 300 रुपए हो गए हैं. छोटी डलिया 70 से 80 रुपए में मिल जाती थी, जो इस बार 100 से 125 रुपए में बिक रही है. वहीं हर घर में उपयोग होने वाला सूपा 125 रुपए में बाजार में बिकता था, जो इस बार 200 रुपए में बिक रहा है. शादी-विवाह में मुख्य रूप से उपयोग होने वाला बिजना (पंखा) 50 रुपए में बिक रहा है, यह पिछले साल 30 रुपए में मिलता था. वहीं शादी में उपयोग होने वाली प्रमुख सामग्री छोटी चुलिया 130 रुपए में बिक रहा है, जबकि बड़ी चुलिया 300 से 400 रुपए में बिक रही है. जबकि इनके पिछले साल दाम काफी कम थे.